# किसानों ने डीएम के सम्मुख उठाईं समस्याएं

मुरादाबाद।

जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने कृषि से जुड़ी समस्याओं और अन्य ग्रामीण क्षेत्र की शिकायतों और समस्याओं को सुना और संबधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिए। जिले की चीनी मिलों द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान में समयबद्धता का पालन किए जाने पर किसानों ने एक स्वर में जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया और कहा कि अब उनके सामने गन्ना मूल्य भुगतान में अनावश्यक विलंब होने का मुद्दा नहीं है। किसानों ने जिलाधिकारी से कहा कि उन्हें अधिक उपज और उंच गुणवत्ता के गन्ना वैरायटी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए ताकि गन्ने की फसल आर्थिक रूप से अधिक लाभदायक हो सके। छजलैट क्षेत्र में पशुओं का गलत तरीके से उपचार करके किसानों से उपचार के नाम पर भारी रकम वसूलने वाले झोलाछाप व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई का मुद्दा भी किसानों ने जिलाधिकारी



के समक्ष उठाया।इस प्रकरण में जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से विस्तृत जानकारी लेते हुए एसडीएम कांठ को निर्देशित किया कि सम्यक जांच के उपरांत दोषी पाए जाने की स्थिति में ऐसे व्यक्ति को तत्काल जेल भेजने की कार्यवाही होनी चाहिए। उपनिदेशक कृषि ने बताया कि गन्ने की अंतः फसली के रूप में मूंग फसल के लिए एग्री दर्शन पोर्टल पर निश्शुल्क मूंग बीज हेतु बुकिंग चल रही है और बुकिंग की अंतिम तिथि 24 फरवरी 2026 निर्धारित है इसलिए किसान बंधु नजदीकी जनसेवा केंद्र के माध्यम से यथाशीघ्र बुकिंग कर लें। अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक द्वारा एक जांच दो बार किए जाने और दोनों बार पैसे लिए जाने के प्रकरण में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि इस प्रकरण में संबंधित किसान को पैसे वापस दिलाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अल्ट्रासाउंड से जुड़ी सेवाएं जिला चिकित्सालय में भी उपलब्ध हैं इसलिए आमजन जिला चिकित्सालय की अल्ट्रासाउंड सेवाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्रीमती संगीता गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं किसान बंधु मौजूद रहे।

## अशफाक उल्ला, सूफी अम्बा प्रसाद के नाम हो जीआईसी ग्राउंड का नाम



रालोद ने कमिश्नर को दिया ज्ञापन

मुरादाबाद।

राजकीय इंटर कालेज मुरादाबाद परिसर में प्रस्तावित खेल स्टेडियम को महान क्रांतिकारी शहीद ए वतन अशफाक उल्लाह खां व सूफी अम्बिका प्रसाद के नाम से निर्माण करवाये जाने की मांग रालोद ने उठाई है। इस के सम्बंध में कमिश्नर को ज्ञापन भी सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मुरादाबाद के राजकीय इंटर कालेज के परिसर ऐतिहासिक तौर पर सूबेदार रुस्तम खां समय स्थापित हुआ। ब्रिटिश शासन काल में 1860ई जी0आई0सी0 राजकीय इंटर कालेज) के रूप में अस्तित्व में आया। आज इसी के विशाल परिसर में शिक्षा विभाग के कार्यालय व विधुत विभाग व जर्जर अवस्था में हास्टल व कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय व प्रार्थमिक विद्यालय स्थित है फिर भी कालेज का विशाल परिसर आज भी है राष्ट्रीय खेल हाकी आदि खेलों को सीखकर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश व भारत का नाम रोशन कर राष्ट्र सेवा की भावना से कर रहे हैं भविष्य में भी करते रहेंगे। हम ज्ञापन प्रस्तुत कर्ता का सम्बंध इस कालेज से विधार्थी जीवन से है आज इस कालेज के परिसर में खेल स्टेडियम बनाना प्रस्तावित है सरकार प्रशासन स्वागत करते हैं तथा शुभकामनाएं प्रस्तुत यह कहना चाहते हैं कि इस कालेज परिसर के प्रस्तावित खेल स्टेडियम का निर्माण महान कातिक्रारी शहीद ए वतन अशफाक उल्लाह खां व सूफी अम्बिका प्रसाद जी के नाम हो। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सैयद राशिद अली, शाहनवाज मलिक, असलम अंसारी, अनवार मलिक, जावर खां, सलीम कुरैशी, जकी मलिक, सलीम खां आदि उपस्थित रहें।

## टीएमयू हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने 5.4 किग्रा की निकाली रसौली

मुरादाबाद।

डॉक्टर को यूं ही भगवान का दर्जा नहीं मिला है। संभल के सरायतरीन की पूनम देवी और उनके परिजनों से पूछें तो वे बेहिचक स्वीकारेंगे, हां सचमुच डॉक्टर ईश्वर की मानिंद होता है। टीएमयू हॉस्पिटल में ऐसा ही दुर्लभतम केस आया और महिला रोग विभाग के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने इसमें बड़ी कामयाबी हासिल की। डॉक्टरों की इस टीम ने न केवल पहली बार संतान पाने के सुख का सपना संजोए इस महिला की सेफ डिलीवरी कराई, बल्कि 05 किलो 390 ग्राम की रसौली को भी ऑपरेट करके जच्चा की झोली खुशियों से भर दी है। टीएमयू हॉस्पिटल के गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। दरअसल स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम के सामने इस केस में ब'चेदानी और अंडेदानी को सुरक्षित बचाना भी बडी चुनौती रहा। डॉक्टर्स ने पेशेंट के पेट में ब'चे संग तेजी से बढ़ रही रसौली को डिलीवरी के बाद ऑपरेट करने का अहम



फैसला लिया। इसी बीच डिलीवरी का भी समय हो गया। ऑपरेशन के जरिए पेशेंट पूनम ने 2.2 किलो के मेल बेबी को जन्म तो दिया, लेकिन डॉक्टरों की टीम जच्चा-बच्चा और रसौली पर नज़र रही।

लेकिन यह देखकर डॉक्टरों की टीम चिंतित हो गई कि पूनम की ब'चादानी सिकुड रही है। रसौली अब शरीर के दूसरे अंगों से पोषित हो रही थी। इसे भी डॉक्टर्स ने खतरे की घंटी माना। रसौली को बाहर नहीं निकाला गया तो पेशेंट के शरीर में इन्फेक्शन बढ़ने से जान भी जा सकती है। इस टीम ने रसौली को ऑपरेट करने का फैसला लिया। ऐसे में डॉक्टर्स ने करीब तीन घंटे चले ऑपरेशन के बाद 5.4 किलो की रसौली को सुरक्षित बाहर निकाला। अब पेशेंट पूरी तरह स्वस्थ है। संभल के सरायतरीन निवासी 29 वर्षीय गर्भवती श्रीमती पूनम देवी के सात माह बाद पेट में दर्द रहने लगा और पेट का साइज भी असामान्य हो गया। जब दर्द अधिक बढ़ा तो परिवार वाले पूनम को टीएमयू हॉस्पिटल में लेकर आए। टीएमयू में जब डॉक्टर्स ने पूनम का अल्ट्रासाउंड किया तो पता चला पूनम के पेट में बच्चे के संग-संग करीब 25 सेमीम30 सेमी की रसौली भी पल रही थी। रसौली के कारण ही पेशेंट के पेट में दर्द और साइज बढ़ रहा था। ब'चे को भी पूरा पोषण नहीं मिल रहा था। ऐसे में डॉक्टर्स ने परिवारवालों को सलाह दी कि आप समय-समय पर पेशेंट का चेकअप कराते रहें। डॉक्टर्स ने तय किया कि पहले ब'चे को जन्म देंगे। इसके बाद रसौली का ऑपरेशन किया जाएगा।

ऑपरेशन करने वाली टीम में महिला रोग विभाग की (प्रो.) डॉ. आस्था लालवानी, डॉ. गरिमा वाजपेयी, डॉ. नेहा शरद, जनरल सर्जन डॉ. आर के कौल, एनस्थिसिया विभाग की डॉ. नदीम पल्ली नव्या एंड टीम, रेडियोलॉजी विभाग से (प्रो.) डॉ. श्रुति चंदक एंड टीम, ओटी टेक्निशियन फय्यूम अली, योगेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे। उल्लेखनीय है, यह ऑपरेशन कैंप के तहत निशुल्क किया गया है। महिला रोग विभाग की एचओडी प्रो. मनप्रीत कौर ने ऑपरेशन करने वाली टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, टीएमयू हॉस्पिटल के महिला रोग विभाग की यह अद्वितीय उपलब्धि है।

## फार्मर रजिस्ट्री कैम्पों का अपर जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

कुशीनगर। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा जनपद कुशीनगर की विभिन्न तहसीलों में संचालित फार्मर रजिस्ट्री कैम्पों का पुनः स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य अधिक से अधिक किसान बंधुओं को जागरूक करते हुए उनका समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित कराना रहा। निरीक्षण के क्रम में अपर जिलाधिकारी ने तहसील कसानगंज अंतर्गत दिहुलिया मनिया छपरा, तहसील खड्डा के ग्राम भुजौली तथा तहसील पडरौना के बसहिया बनवीरपुर सहित अन्य स्थानों पर आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैम्पों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं त्वरित ढंग से संपन्न कराया जाए, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कैम्पों में मौजूद किसानों से संवाद करते हुए अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन किसान बंधुओं की फार्मर रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो पाई है, वे बिना विलंब अपना पंजीकरण अवश्य करा लें।

# उल्टी ने खोला छिपे फाइलेरिया का राज

बहराइच।

जिले के जरवल ब्लॉक के तपेसिपाह गांव में सामूहिक दवा सेवन अभियान के दौरान घटी एक छोटी-सी घटना अब बड़े संदेश में बदल गई है। परिवार के सभी सदस्यों ने फाइलेरिया से बचाव की दवा ली थी। कुछ ही देर बाद 17 वर्षीय बेटी और बहू को उल्टी होने लगी। परिजन घबरा उठे कि कहीं दवा का दुष्प्रभाव तो नहीं हो गया। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य टीम मौके पर पहुंची। चिकित्सकीय निगरानी के साथ परिवार को पूरी जानकारी दी गई और जल्द ही वे सामान्य हो गईं। स्वास्थ्यकर्मियों ने परिवार को समझाया कि यह दवा का नुकसान नहीं, बल्कि शरीर में लंबे समय से छिपे सूक्ष्म फाइलेरिया कृमियों के नष्ट होने की सामान्य प्रतिक्रिया है। जिन लोगों में संक्रमण नहीं होता, उन्हें आमतौर पर कोई लक्षण महसूस नहीं



होता। आशा कार्यकर्ता गुड़िया देवी ने बताया कि शुरुआत में परिवार भयभीत था, लेकिन सही जानकारी मिलने के बाद उनकी आशंका दूर हो गई। अब पूरा परिवार दवा के महत्व को समझ चुका है और दूसरों को भी जागरूक कर रहा है। फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली गंभीर और

### तपेसिपाह की घटना बनी जागरूकता का संदेश

लाइलाज बीमारी है, जो वर्षों तक बिना लक्षण के शरीर में छिपी रह सकती है। वीबीडी नोडल एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. अनुराग वर्मा के अनुसार यही संक्रमण आगे चलकर हाथ-पैर में सूजन या हाइड्रोसील जैसी जटिलताओं का कारण बनता है। इसी को देखते हुए जरवल ब्लॉक में 10 से 28 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक निर्धारित लक्ष्य का 42 प्रतिशत पूरा करते हुए 1.20 लाख से अधिक लोग बचाव की दवा सेवन कर चुके हैं। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया जिले में हाथीपांव के 474 और हाइड्रोसील के 165 मरीज चिन्हित हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि फाइलेरिया एक गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती है। उन्होंने दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र लोगों से दवा सेवन की अपील की और बताया कि उल्टी, हल्का बुखार या मितली जैसे लक्षण अस्थायी होते हैं और संक्रमण समाप्त होने के संकेत हैं। अधिक समस्या के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल का भी गठन किया गया है। फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने बताया दवा सेवन के बाद उल्टी, बुखार या कमजोरी महसूस हो तो सोमवार या गुरुवार को रात्रि 8रू30 बजे जिला ट्रामा सेंटर स्थित फाइलेरिया नियंत्रण कक्ष में जांच कराएं। पुष्टि होने पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध है।

फाइलेरिया लाइलाज है लेकिन लक्षण से पहले जांच, उपचार से हाथीपांव या हाइड्रोसील जैसी जटिलताओं से बचाव संभव है।

## बोलेरो चालक ने यात्रियों को नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटा, 50 हजार व मोबाइल लेकर फरार

भीरपुर प्रयागराज। जनपद प्रयागराज के भीरपुर क्षेत्र से एक सनसनीखेज लूट का मामला सामने आया। सोमवार रात लगभग 11:30 बजे प्रयागराज नए पुल से एक बोलेरो वाहन में सवार होकर जिगना (मिर्जापुर) की ओर जा रहे दो युवकों को चालक द्वारा कथित रूप से नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर लूट लिया गया। पीड़ितों की पहचान उमेश कुमार मौर्या पुत्र हिछ लाल मौर्या तथा अनुज कुमार यादव पुत्र श्रीकांत यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बोलेरो से जिगना मांडा के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में चालक ने उन्हें नशीला पदार्थ सुंघाकर अचेत कर दिया और कचहरी से पनासा मार्ग के बीच सुनसान स्थान पर फेंक दिया। होश में आने पर पीड़ितों को घटना की जानकारी हुई। आरोप है कि चालक उनके पास से लगभग 50,000 रुपये नकद और मोबाइल



फोन लेकर फरार हो गया। घटना के संबंध में बताया गया है कि सीसीटीवी कैमरे में बोलेरो गाड़ी का नंबर क्र63 ह 5600 स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन और चालक की तलाश में जुटी है। क्षेत्र में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि रात के समय अनजान वाहनों में सफर करते समय सतर्क रहें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित थाने को दें।

